**मिली स्वीकृति.** पार्क में कबाड़ से बनायी जायेंगी सुंदर कलाकृतियां

# गंगा पथ पर 10 एकड़ में 15 करोड़ से 'वेस्ट टू वंडर' थीम पार्क बनेगा : नितिन

संवाददाता, पटना

**पथ** निर्माण मंत्री और बांकीपुर से भाजपा विधायक नितिन नवीन ने शनिवार को कहा है कि पटना के मरीन ड्राइव पर 'वेस्ट टू वंडर' थीम पार्क का निर्माण होगा. यह देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की समाधि स्थल और जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) के बीच 10 एकड़ में 15 करोड़ की लागत से होगा. इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नगर विकास मंत्री जिवेश कुमार का धन्यवाद किया. मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि मुख्यमंत्री के 'वेस्ट टू वंडर' विजन को ध्यान में रखते हुए नगर विकास विभाग द्वारा एक थीम पार्क का निर्माण किया जा रहा है. यह पार्क 'स्वच्छ भारत अभियान' को बढ़ावा देगा और 'वेस्ट टू वेल्थ' की दिशा में एक बड़ा कदम होगा.

## निगम रखरखाव कर रेवेन्यू मॉडल पर काम करेगा



थीम पार्क के निर्माण के लिए विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है. 10 एकड़ की भूमि पर इस पार्क का निर्माण किया जायेगा.

इस तरह के थीम पार्क से वातावरण व आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहूलियत होगी. साथ ही निगम इन पार्कों का रखरखाव कर रेवेन्यू मॉडल पर भी काम कर सकेगा. मंत्री श्री नवीन ने बताया कि 'वेस्ट टू वंडर' थीम पर आधारित यह पार्क कचरे से बनायी गयी विश्व प्रसिद्ध संरचनाओं को प्रदर्शित करेगी. इससे पर्यटन व पर्यावरण दोनों को बढ़ावा मिलेगा. इस थीम पार्क का निर्माण बुडको द्वारा किया जायेगा. थीम पार्क के लिए विभाग द्वारा 15 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है. इस पार्क में कबाड़ से सुंदर कलाकृतियां बनायी जायेंगी. इसके लिए पुरानी ठेलिया, टायर, बोतल आदि का उपयोग किया जायेगा.

## 1.26 करोड़ की तीन सड़कों और बॉक्स नाला निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

**पटना.** दीघा के विधायक डॉ संजीव चौरसिया ने वार्ड संख्या चार में 1.26 करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाली तीन सड़कों व बॉक्स नाला का शिलान्यास किया. खाजपुरा सामुदायिक भवन के पास 37.63 लाख, राइडिंग रोड में 36.74 लाख व भक्तिनी गली में 29.52 लाख की लागत से नाला व पीसीसी सड़क का निर्माण होगा. एसएससी कार्यालय से अरण्य भवन तक 22.92 लाख से बॉक्स नाला बनेगा. उन्होंने कहा कि तीनों सड़कों का निर्माण मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना से होना है. वार्ड संख्या चार में लंबे समय से सड़कों व बॉक्स नाला के निर्माण की मांग की जा रही थी.